भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **464**

दिनांक 26 जून , 2019 / 5 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दरभंगा हवाईअड्डों से विमानों का परिचालन

464. **श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दरभंगा हवाईअड्डे में विमानों के परिचालन हेतु हाल ही में सभी सुविधाओं को तैयार किया गया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस हवाईअड्डे का उद्घाटन पहले ही हो चुका है परंतु अब तक वहां से विमानों का परिचालन शुरू नहीं हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार दरभंगा से विभिन्न अन्य शहरों के लिए जल्द ही विमान सेवाएं शुरू करेगी?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा दरभंगा हवाईअड्डे पर उड़ानों के प्रचालन के लिए अपेक्षित रनवे के सुदृढ़ीकरण एवं अंतरिम टर्मिनल भवन (आईटीबी) इत्यादि के निर्माण जैसी विभिन्न कार्य प्रारम्भ कर दिए गए हैं।

(ख): दरभंगा हवाईअड्डे का अभी उद्घाटन नहीं किया गया है तथा निर्माण क्रियाकलापों को प्रारम्भ करने के लिए दिनांक 24.12.2018 को केवल भूमि पूजन / शिलान्यास समारोह ही आयोजित हुआ है।

(ग): अंतर्देशीय सेक्टरों के लिए विमान प्रचालन अविनियमित कर दिए गए हैं तथा सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों (आरडीजी) का अनुपालन करने की शर्त के साथ एयरलाइनों को देश में कहीं भी प्रचालन करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। किसी स्थान विशेष के लिए विमान सेवाएं प्रारम्भ करने के कार्य यातायात मांग एवं वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर एयरलाइन प्रचालक द्वारा किए जाते हैं।

*****